XXXIX(a)-BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश-ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक R 2331-I/15 जिला सागर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
२५.७.१५	1— मैंने प्रकरण का अवलोकन किया यह निगरानी तहसीलदार सागर के प्र.क्र. 312—अ—6/2013—14 में पारित आदेश दिनांक 29.06.2015 के विरूद्ध भू.रा.संहिता के संशोधन अधिनियम के तहत प्रस्तुत की गई है। आवेदक की ओर से अधिवक्ता उपस्थित उन्हें प्रकरण की ग्राह्यता पर सुना गया। 2— आवेदक अधिवक्ता के तर्कों के परिपेक्ष्य में प्रकरण का अवलोकन किया गया। आवेदकगणों द्वारा तहसीलदार सागर के समक्ष आवेदन इस आधार पर प्रस्तुत किया था कि न्यायालय षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश सागर के आदेश दिनांक 20.12.12 का पालन किया जावे। जिसके आधार पर तहसीलदार सागर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी से पुनः अवलोकन की अनुमति चाही गई अनुविभागीय अधिकारी सागर द्वारा प्रकरण में पुनः अवलोकन की अनुमति प्रदान न कर व्यवहार वाद के निर्णय का पालन किये जाने हेतु प्रकरण तहसीलदार सागर को प्रेषित किया था। किन्तु तहसीलदार सागर द्वारा प्रकरण नत्थीबद्ध किया जाना पाया जाता है। इस कारण तहसीलदार सागर द्वारा पारित आदेश दि. 29.06.15 निरस्त करते हुए प्रकरण उन्हें इस निर्देश के साथ प्रत्यावर्तित किया जाता है कि वे उभय पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए व्यवहार वाद का पालन नियमानुसार करें। उक्त निर्देश के साथ यह निगरानी निराकृत की जाती है आदेश के प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भेजी जावे। प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो। सदस्य	

[कृ. प. उ.

5 रु. Rs.5 भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES

विज्ञापित

निगरानी 2331-I-15

समक्ष माननीय राजस्व मंडल म.प्र. ग्वालियर केम्प सागर

1. श्रीमति शकुन्तलाबाई पत्नि स्व. रामपाल माहेश्वरी
2. श्री सतोष कुमार माहेश्वरी तनय स्व. श्री रामपाल माहेश्वरी
3. श्री रामवल्लभ माहेश्वरी तनय स्व. श्री रामपाल माहेश्वरी

सभी निवासी – बड़ा बाजार, माहेश्वरी मोहल्ला,
तह. व जिला–सागर (म.प्र.) ....आवेदकगण

//विरूद्ध//

शंकरलाल माहेश्वरी फौत वारिसान

1. श्रीमति मंजू कुमारी माहेश्वरी बेवा
2. विट्ठल माहेश्वर तनय शंकरलाल
3. गोपाल माहेश्वरी तनय शंकरलाल

सभी निवासी – वर्णी कालोनी, कटरा बाजार
तह. व जिला–सागर (म.प्र.)

4. श्रीमति मृदला दुर्जन

पुत्री स्व. श्री शंकरलाल माहेश्वरी पत्नि उद्धव सुर्जन
निवासी–सुर्जन क्लाथ स्टोर, मुरैना, तह. व जिला–मुरैना म.प्र. ....अनावेदकगण

श्री ... श्रीवास्तव, ... द्वारा आज दि. 24-7-15 प्रस्तुत
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

निगरानी अंतर्गत धारा–50 म.प्र.भू–राजस्व संहिता 1959 एवं संशोधन अधिनियम 2011 के अनुसार

उपरोक्त आवेदकगण न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार सागर के प्र.क्र. 312/अ–6/2013–14 में पारित आदेश दि. 29.06.15 से परिवेदित होकर यह निगरानी निम्नलिखित प्रमुख एवं अन्य आधारों पर प्रस्तुत करता है :–

(1) यह कि प्रकरण का विवरण संक्षिप्त में इस प्रकार है कि आवेदकगणों द्वारा विचारण न्यायालय तहसीलदार समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया कि माननीय न्यायालय षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश सागर के व्यवहार वाद क्र.–08–ए/2009 आदेश दिनांक 20.12.12 के तहत प्रकरण में रिकार्ड सुधार किया जावे। आवेदक आवेदक पत्र के आधार पर विचारण न्यायालय द्वारा व्यवहार न्यायालय के आदेश का पालन न कर अनुविभागीय अधिकारी से पुनरावलोकन की अनुमति चाही जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा दिनांक 18.05.15 को यह उल्लेख कर कि इस प्रकरण में माननीय व्यवहार न्यायालय का पालन किया जाना है प्रकरण